अमेरिका में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा

drishtiias.com/hindi/printpdf/trump-declares-national-emergency

चर्चा में क्यों?

हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (Donald Trump) ने अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर एक दीवार (U.S.-Mexico Border) बनाने की अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने के लिये राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद यह घोषणा-पत्र लागू हो गया।

महत्त्वपूर्ण बिंदु

- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सरकार एवं अमेरिकी कॉन्ग्रेस के साथ टकराव के बीच पुनः राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर दी गई।
- अपने राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के दौरान डोनाल्ड ट्रंप द्वारा देश की सुरक्षा के लिये अमेरिका और मक्सिको के बीच एक दीवार बनाने का वादा किया गया था।
- ट्रंप के अनुसार, अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर दीवार बनाने का मुख्य उद्देश्य अवैध अप्रवासियों को देश में प्रवेश से रोकना और नशीली दवाओं पर अंकुश लगाना है।
- राष्ट्रपति ने डेमोक्रेटिक सांसदों एवं कॉन्ग्रेस को दरकिनार करते हुए इस आपातकाल की घोषणा की है, व्हाइट हाउस ने इस घोषणा को दीवार निर्माण के लिये धन प्राप्त करने हेतु आवश्यक बताया है।

अमेरिका में राष्ट्रीय आपातकाल

- अमेरिकी संविधान में आपातकाल की घोषणा के बाद समस्त शक्तियाँ राष्ट्रपति में निहित हो जाती हैं। आपातकाल में समस्त वित्तीय शक्तियाँ भी राष्ट्रपति को प्राप्त हो जाती हैं।
- अतः राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने से राष्ट्रपति को वित्तीय सहायता के लिये डेमोक्रेटिक पार्टियों एवं कॉन्ग्रेस के समर्थन की आवश्यकता नहीं होगी। वे आसानी से दीवार बनाने में खर्च होने वाले धन को हासिल कर लेंगे।

पृष्ठभूमि

- अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर दीवार बनाने का वादा डोनाल्ड ट्रंप का अपने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान किये गए वादों में से एक है जिसको पूरा करने के लिये राष्ट्रपति प्रतिबद्ध हैं।
- अपनी इसी प्रतिबद्धता के तहत कुछ समय पहले ट्रंप ने डेमोक्रेट सांसदों से मेक्सिको सीमा पर दीवार खड़ी करने लिये फंड को मंज़ूरी देने की गुज़ारिश की थी।
- राष्टपति ने वरिष्ठ डेमोक्रेट सांसदों से मुलाक़ात के बाद यह धमकी दी थी वह संसद की मंज़ूरी के बिना मेक्सिको सीमा पर दीवार खड़ी करने के लिये राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर सकते हैं।

विपक्ष की प्रतिक्रिया

- ट्रंप के इस कदम को दीवार बनाने के लिये ज़रूरी धन जारी करने के लिये विपक्ष पर दबाव बनाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। जिसके तहत विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।
- विपक्ष ने राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करना एक निरर्थक और गैर-कानूनी कार्य बताते हुए इसे राष्ट्रपति पद की शक्तियों का दुरुपयोग बताया है।
- डेमोक्रेट्स ने ट्रंप के इस कदम को सर्वोच्च अदालत में चुनौती देने की बात कही है।

स्रोत – द हिंदू